# Two-day Swadeshi Vastu Exhibition

## Central University of Haryana

**NAAC Accredited ‘A’ Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 18-01-2024**

शिक्षा

**हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की समकुलपति ने किया प्रदर्शनी का शुभारंभ**

# स्वदेशी उत्पादों पर आधारित दो दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में बुधवार से जिला महेंद्रगढ़ खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्ता संघ नारनौल के सहयोग से स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी की शुरूआत हुई। प्रदर्शनी का शुभारंभ विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने किया।

इस प्रदर्शनी के संबंध में समकुलपति ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं की यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में स्वदेशी प्रेम के विकास और उससे जुड़े आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का एक प्रयास है।



प्रदर्शनी का उद्घाटन करतीं समकुलपति प्रो. सुषमा यादव। स्रोत-हकेंविवि

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने 18 जनवरी तक चलने वाली इस प्रदर्शनी के संदर्भ में संदेश के माध्यम से कहा कि अवश्य ही यह प्रदर्शनी विश्वविद्यालय के सहभागियों विशेषकर युवा विद्यार्थियों में स्वदेशी उत्पादों के प्रति लगाव विकसित करने में मददगार होगी। प्रो. सुषमा यादव ने विश्वविद्यालय के इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन सेंटर की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिए गए वोकल फॉर लोकल के नारे व आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में उल्लेखनीय प्रयास किए जा रहे हैं।

विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि यह प्रदर्शनी जन उपयोगी स्वदेशी उत्पादों को विश्वविद्यालय के विभिन्न सहभागियों तक सहज उपलब्ध कराने में मददगार साबित होगी। इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन सेंटर के निदेशक डॉ. आशीष माथुर ने खादी ग्रामोद्योग द्वारा निर्मित उत्पादों के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि प्रदर्शनी में उपलब्ध कपड़े व अन्य उत्पाद पूरी तरह से स्वदेशी उत्पादकों द्वारा निर्मित हैं।

जिला महेंद्रगढ खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्ता संघ के सचिव बलवंत शर्मा कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से खादी के उत्पादों को विश्वविद्यालय के विभिन्न सहभागियों तक पहुंचा पाना संभव हुआ है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डॉ. राजेंद्र प्रसाद मीणा, डॉ. सुनीता तंवर, डॉ. नीरज कर्ण सिंह व डॉ. अनूप यादव तथा सुनील अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 18-01-2024**

## हकेंवि में स्वदेशी उत्पादों पर आधारित दो दिवसीय प्रदर्शनी शुरू



**महेंद्रगढ़** | हकेंवि में बुधवार से जिला महेंद्रगढ़ खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्त्ता संघ, नारनौल के सहयोग से दो दिवसीय स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी की शुरुआत हो गई है। प्रदर्शनी का शुभारम्भ विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने किया।

विवि के इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन सेंटर के प्रयासों से आयोजित प्रदर्शनी के संबंध में समकुलपति ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं की यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में स्वदेशी प्रेम के विकास और उससे जुड़े आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का एक प्रयास है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने 18 जनवरी तक चलने वाली इस प्रदर्शनी के संदर्भ में संदेश के माध्यम से कहा कि अवश्य ही यह प्रदर्शनी विश्वविद्यालय के सहभागियों विशेषकर युवा विद्यार्थियों में स्वदेशी उत्पादों के प्रति लगाव विकसित करने में मददगार होगी। विवि के इनोवेशन एण्ड इन्क्यूबेशन सेंटर के निदेशक डॉ. आशीष माथुर ने खादी ग्रामोद्योग द्वारा निर्मित उत्पादों के विषय में जानकारी दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, डॉ. राजेंद्र प्रसाद मीणा, डॉ. सुनीता तंवर, डॉ. नीरज कर्ण सिंह व डॉ. अनूप यादव तथा सुनील अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagarn** **Date: 18-01-2024**

# हकेंवि में शुरू हुई स्वदेशी उत्पादों की दो दिवसीय प्रदर्शनी

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में बुधवार से जिला महेंद्रगढ़ खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्त्ता संघ, नारनौल के सहयोग से दो दिवसीय स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी की शुरूआत हो गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने किया। विश्वविद्यालय के इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन सेंटर के प्रयासों से आयोजित इस प्रदर्शनी के संबंध में समकुलपति ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं की यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में स्वदेशी प्रेम के विकास और उससे जुड़े आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का एक प्रयास है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने 18 जनवरी तक चलने वाली इस प्रदर्शनी के संदर्भ में संदेश के



हकेंवि में दो दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ करते गणमान्य • सौ. प्रवक्ता

माध्यम से कहा कि अवश्य ही यह प्रदर्शनी विश्वविद्यालय के सहभागियों विशेषकर युवा विद्यार्थियों में स्वदेशी उत्पादों के प्रति लगाव विकसित करने में मददगार होगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति यह हम सभी का दायित्व है कि हम स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएं और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में सहयोग दें।

प्रो. सुषमा यादव ने विश्वविद्यालय के इनोवेशन एण्ड इन्क्यूबेशन सेंटर की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा दिए गए वोकल फार लोकल के नारे व आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में उल्लेखनीय प्रयास किए जा रहे हैं।

विश्वविद्यालय के इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन सेंटर के निदेशक डा. आशीष माथुर ने खादी ग्रामोद्योग द्वारा निर्मित उत्पादों के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि प्रदर्शनी में उपलब्ध कपड़ें व अन्य उत्पाद पूरी तरह से स्वदेशी उत्पादकों द्वारा निर्मित हैं और यह पर्यावरण हितैषी तकनीक से विकसित किए गए हैं। खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्त्ता संघ के सचिव बलवंत शर्मा ने कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, समकुलपति प्रो. सुषमा यादव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार व सेंटर के निदेशक प्रो. आशीष माथुर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से खादी के उत्पादों को विभिन्न सहभागियों तक पहुंचा पाना संभव हुआ है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Ranghosh** **Date: 18-01-2024**


# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्वदेशी उत्पादों पर प्रदर्शनी का हुआ शुभारम्भ

**रणघोष अपडेट. महेंद्रगढ़**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में बुधवार से जिला महेंद्रगढ़ खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्त्ता संघ, नारनौल के सहयोग से दो दिवसीय स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी की शुरूआत हो गई। प्रदर्शनी का शुभारम्भ विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने किया। विश्वविद्यालय के इनोवेशन एण्ड इन्क्यूबेशन सेंटर के प्रयासों से आयोजित इस प्रदर्शनी के संबंध में समकुलपति ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं की यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में स्वदेशी प्रेम के विकास और उससे जुड़े आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का एक प्रयास है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने 18 जनवरी तक चलने वाली इस प्रदर्शनी के संदर्भ में संदेश के माध्यम से कहा कि अवश्य ही यह प्रदर्शनी विश्वविद्यालय के सहभागियों विशेषकर युवा विद्यार्थियों में स्वदेशी उत्पादों के प्रति लगाव विकसित करने में मददगार होगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति यह हम सभी का दायित्व है कि हम स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएं और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में सहयोग दें।

प्रो. सुषमा यादव ने विश्वविद्यालय के इनोवेशन एण्ड इन्क्यूबेशन सेंटर की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिए गए वोकल फॉर लोकल के नारे व आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में उल्लेखनीय प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि अवश्य ही जिला महेंद्रगढ़ खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्त्ता संघ, नारनौल के सहयोग से आयोजित यह प्रदर्शनी जनउपयोगी स्वदेशी उत्पादों को विश्वविद्यालय के विभिन्न सहभागियों तक सहज उपलब्ध कराने में मददगार साबित होगी। विश्वविद्यालय के इनोवेशन एण्ड इन्क्यूबेशन सेंटर के निदेशक डॉ. आशीष माथुर ने खादी ग्रामोद्योग



द्वारा निर्मित उत्पादों के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि प्रदर्शनी में उपलब्ध कपड़ें व अन्य उत्पाद पूरी तरह से स्वदेशी उत्पादकों द्वारा निर्मित हैं और यह पर्यावरण हितैषी तकनीक से विकसित किए गए हैं। विश्वविद्यालय में आयोजित इस दो दिवसीय प्रदर्शनी के संदर्भ में जानकारी देते हुए जिला महेन्द्रगढ खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्त्ता संघ के सचिव बलवंत शर्मा ने कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, समकुलपति प्रो. सुषमा यादव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार व सेंटर के निदेशक प्रो. आशीष माथुर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से खादी के उत्पादों को विश्वविद्यालय के विभिन्न सहभागियों तक पहुँचा पाना संभव हुआ है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डॉ. राजेंद्र प्रसाद मीणा, डॉ. सुनीता तंवर, डॉ. नीरज कर्ण सिंह व नोवेशन एण्ड इन्क्यूबेशन सेंटर के सदस्य डॉ. अनूप यादव तथा सुनील अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Tribune** **Date: 18-01-2024**

# स्वदेशी उत्पादों पर प्रदर्शनी शुरू



महेंद्रगढ़ स्थित हकेवि में स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी का उद्घाटन करतीं समकुलपति प्रो. सुषमा यादव। साथ में प्रो. सुनीता श्रीवास्तव। -हप

महेंद्रगढ़, 17 जनवरी (हप्र)

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) महेंद्रगढ़ में बुधवार से जिला महेंद्रगढ़ खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्ता संघ नारनौल के सहयोग से दो दिवसीय स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी की शुरुआत की गई। प्रदर्शनी की शुरुआत विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने किया। विश्वविद्यालय के इनोवेशन एण्ड इन्क्यूबेशन सेंटर के प्रयासों से आयोजित इस प्रदर्शनी के संबंध में समकुलपति ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं की यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में स्वदेशी प्रेम के विकास और उससे जुड़े आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का एक प्रयास है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने 18 जनवरी तक चलने वाली इस प्रदर्शनी के संदर्भ में संदेश के माध्यम से कहा कि अवश्य ही यह प्रदर्शनी विश्वविद्यालय के सहभागियों विशेषकर युवा विद्यार्थियों में स्वदेशी उत्पादों के प्रति लगाव विकसित करने में मददगार होगी। खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्ता संघ के सचिव बलवंत शर्मा ने कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, समकुलपति प्रो. सुषमा यादव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार व सेंटर के निदेशक प्रो. आशीष माथुर का आभार व्यक्त किया। इस मौके विश्वविद्यालय के डॉ. राजेंद्र प्रसाद मीणा, डॉ. सुनीता तंवर, डॉ. नीरज कर्ण सिंह व नोवेशन एंड इन्क्यूबेशन सेंटर के सदस्य डॉ. अनूप यादव तथा सुनील अग्रवाल मौजूद रहे।

दैनिक ट्रिब्यून Thu, 18 January 2024
https://epaper.dainiktribune

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 18-01-2024**

### स्वदेशी वस्तुओं के लिए आगे आएं युवा: प्रो. सुषमा यादव

# हकेंवि में स्वदेशी उत्पादों पर आधारित दो दिवसीय प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

- पदर्शनी में विभिन्न प्रकार के उत्पादों को किया प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में बुधवार से जिला महेंद्रगढ़ खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्त्ता संघ नारनौल के सहयोग से दो दिवसीय स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी की शुरूआत हो गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ विश्वविद्यालय समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने किया। विश्वविद्यालय के इनोवेशन एडं इन्क्यूबेशन सेंटर के प्रयासों से आयोजित इस प्रदर्शनी के संबंध में समकुलपति ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं की यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में स्वदेशी प्रेम के विकास और उससे जुड़े आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का एक प्रयास है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने 18 जनवरी तक चलने वाली इस प्रदर्शनी के संदर्भ में संदेश के माध्यम से कहा कि अवश्य ही यह प्रदर्शनी विश्वविद्यालय के सहभागियों विशेषकर युवा विद्यार्थियों में स्वदेशी उत्पादों के प्रति लगाव विकसित करने में मददगार होगी।



महेंद्रगढ़। प्रदर्शनी का उद्‌घाटन करतीं समकुलपति प्रो. सुषमा यादव। फोटो : हरिभूमि

प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए वोकल फॉर लोकल के नारे व आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में उल्लेखनीय प्रयास किए जा रहे हैं। प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि अवश्य ही जिला महेंद्रगढ़ खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्त्ता संघ नारनौल के सहयोग से आयोजित यह प्रदर्शनी जनउपयोगी स्वदेशी उत्पादों को विश्वविद्यालय के विभिन्न सहभागियों तक सहज उपलब्ध कराने में मददगार साबित होगी। इन्क्यूबेशन सेंटर निदेशक डॉ. आशीष माथुर ने कहा कि प्रदर्शनी में उपलब्ध कपड़ें व अन्य उत्पाद पूरी तरह से स्वदेशी उत्पादकों द्वारा निर्मित हैं और यह पर्यावरण हितैषी तकनीक से विकसित किए गए हैं। खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्त्ता संघ के सचिव बलवंत शर्मा ने कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, समकुलपति प्रो. सुषमा यादव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार व सेंटर के निदेशक प्रो. आशीष माथुर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से खादी के उत्पादों को विश्वविद्यालय के विभिन्न सहभागियों तक पहुंचा पाना संभव हुआ है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डॉ. राजेंद्र प्रसाद मीणा, डॉ. सुनीता तंवर, डॉ. नीरज कर्ण सिंह व नोवेशन एण्ड इन्क्यूबेशन सेंटर के सदस्य डॉ. अनूप यादव तथा सुनील अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 18-01-2024**

# Two-day exhibition on indigenous products started at CUH

Manish Kumar
info@impressivetimes.com

**MAHENDERGARH :** A two-day exhibition of indigenous products started from Wednesday at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh in collaboration with District Mahendragarh Khadi Gramodyog Karyakarta Sangh, Narnaul. The exhibition was inaugurated by Prof. Sushma Yadav, Pro-Vice Chancellor of the University. Regarding this exhibition organized with the efforts of the Centre for Innovation and Incubation of the University, the Pro Vice Chancellor said that this exhibition of indigenous products is an effort to develop the interest for Swadeshi among the students, researchers, teachers and non-teaching staff and to realize the dream of Atmnirbhar Bharat related to it. Prof. Tankeshwar Kumar, Vice Chancellor of the University said through a message that this exhibition will definitely be helpful in developing attachment towards indigenous products among the participants of the University, especially the young students. He said that it is the responsibility of all of us towards the nation to adopt indigenous goods and help in realizing the vision of Atmnirbhar Bharat. On this occasion, the first woman of the University, Prof. Sunita Srivastava said that this exhibition organized in collaboration with District Mahendragarh Khadi Gramodyog Karyakarta Sangh, Narnaul will prove to be helpful in making public useful indigenous products easily available to various participants of the University.



**ON THIS OCCASION, THE FIRST WOMAN OF THE UNIVERSITY, PROF. SUNITA SRIVASTAVA SAID THAT THIS EXHIBITION ORGANIZED IN COLLABORATION WITH DISTRICT MAHENDRAGARH KHADI GRAMODYOG KARYAKARTA SANGH, NARNAUL WILL PROVE TO BE HELPFUL IN MAKING PUBLIC USEFUL INDIGENOUS PRODUCTS EASILY AVAILA BLE TO VARIOUS PARTICIPANTS OF THE UNIVERSITY.**

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 19-01-2024**

# युवा राष्ट्र की प्रगति के मुख्य कारक

## जिला महेंद्रगढ़ खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्ता संघ ने लगाई दो दिवसीय स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी

संवाद न्यूज एजेंसी



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रदर्शनी के दौरान कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व अन्य। स्रोत : विवि

**महेंद्रगढ़।** युवा किसी भी राष्ट्र की प्रगति में सकारात्मक बदलाव लाने वाले प्रमुख कारक होते हैं। युवा जब किसी विशेष अभियान को लेकर चलते हैं तो उसके वांछित परिणाम अवश्य आते है। वर्तमान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे वोकल फॉर लोकल अभियान को सफल बनाने में भी युवा अपनी भूमिका निभा सकते हैं।

यह विचार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने जिला महेंद्रगढ़ खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्ता संघ के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी के दूसरे दिन प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान व्यक्त किए।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करने पर हमें गर्व होना चाहिए व स्वदेशी वस्तुओं को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने इस प्रदर्शनी के आयोजन के लिए सेंटर फॉर इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन के निदेशक प्रो. आशीष माथुर सहित समस्त टीम के प्रयासों की सराहना की। प्रो. आशीष माथुर ने कुलपति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय उनके नेतृत्व में स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार हेतु संकल्पित है।

उन्होंने कहा कि स्वदेशी प्रेम व आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने हेतु यह आयोजन हर साल नियमित रूप से किया जाता है।

इसके परिणाम स्वरूप विश्वविद्यालय के सहभागियों को सहज ही खादी ग्रामोद्योग द्वारा निर्मित उत्पाद उपलब्ध कराए जाते हैं।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 19-01-2024**

# हकेंवि में स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी का समापन

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़



वोकल फॉर लोकल अभियान को सफल बनाने में युवा अपनी भूमिका निभा सकते हैं। इसके लिए जरूरत है कि हम सभी स्वदेशी वस्तुओं का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें और जनसाधारण को भी इनके प्रयोग के लिए जागरूक करें। हकेंवि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने जिला महेंद्रगढ़ खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्ता संघ के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी के दूसरे दिन प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान ये विचार व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करने पर हमें गर्व होना चाहिए तथा स्वदेशी वस्तुओं को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने इस प्रदर्शनी के आयोजन के लिए सेंटर फॉर इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन के निदेशक प्रो. आशीष माथुर सहित समस्त टीम के प्रयासों की सराहना की। प्रो. आशीष माथुर ने इस अवसर पर कुलपति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय उनके नेतृत्व में स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार के लिए संकल्पित है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Gurgaon Today** **Date: 19-01-2024**

# हकेवि में स्वदेशी वस्तुओं की दो दिवसीय प्रदर्शनी का हुआ समापन

**कुलपति बोले स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करने पर गर्व होना चाहिए।**

सुरेंद्र चौधरी, गुड़गांव टुडे



**नारनौल।** युवा किसी भी राष्ट्र की प्रगति में सकारात्मक बदलाव लाने वाले प्रमुख कारक होते हैं। युवा जब किसी विशेष अभियान को लेकर चलते हैं तो उसके वांछित परिणाम अवश्य आते है। वर्तमान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे वोकल फॉर लोकल अभियान को सफल बनाने में भी युवा अपनी भूमिका निभा सकते हैं। इसके लिए जरूरत है कि हम सभी स्वदेशी वस्तुओं का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें तथा जनसाधारण को भी इनके प्रयोग हेतु जागरूक करें। भारत आज हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। कोरोना काल इस बात का साक्षी है कि विदेशों में भी भारत में निर्मित दवाओं और चिकित्सा उपकरणों का प्रयोग किया गया, जिससे असंख्य लोगों का जीवन बचाने में सफलता मिली।

यह विचार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने जिला महेंद्रगढ़ खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्ता संघ के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी के दूसरे दिन प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान व्यक्त किए। कुलपति ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करने पर हमें गर्व होना चाहिए तथा स्वदेशी वस्तुओं को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने इस प्रदर्शनी के आयोजन के लिए सेंटर फॉर इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन के निदेशक प्रो. आशीष माथुर सहित समस्त टीम के प्रयासों की सराहना की तथा भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया।

प्रो. आशीष माथुर ने इस अवसर पर कुलपति महोदय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय उनके नेतृत्व में स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार हेतु संकल्पित है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी प्रेम व आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने हेतु यह आयोजन हर साल नियमित रूप से किया जाता है। जिसके परिणाम स्वरूप विश्वविद्यालय के सहभागियों को सहज ही खादी ग्रामोद्योग द्वारा निर्मित उत्पाद उपलब्ध कराए जाते हैं।


# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Hello Rewari** **Date: 19-01-2024**

# हकेवि में स्वदेशी वस्तुओं की दो दिवसीय प्रदर्शनी का हुआ समापन



**हैलो रेवाड़ी संवाददाता**

**महेंद्रगढ़।** युवा जब किसी विशेष अभियान को लेकर चलते हैं तो उसके वांछित परिणाम अवश्य आते है। वर्तमान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे वोकल फॉर लोकल अभियान को सफल बनाने में भी युवा अपनी भूमिका निभा सकते हैं। इसके लिए जरूरत है कि हम सभी स्वदेशी वस्तुओं का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें तथा जनसाधारण को भी इनके प्रयोग हेतु जागरूक करें। भारत आज हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। कोरोना काल इस बात का साक्षी है कि विदेशों में भी भारत में निर्मित दवाओं और चिकित्सा उपकरणों का प्रयोग किया गया, जिससे असंख्य लोगों का जीवन बचाने में सफलता मिली। यह विचार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने जिला महेंद्रगढ़ खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्ता संघ के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी के दूसरे दिन प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान व्यक्त किए। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करने पर हमें गर्व होना चाहिए तथा स्वदेशी वस्तुओं को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने इस प्रदर्शनी के आयोजन के लिए सेंटर फॉर इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन के निदेशक प्रो. आशीष माथुर सहित समस्त टीम के प्रयासों की सराहना की तथा भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया। प्रो. आशीष माथुर ने इस अवसर पर कुलपति महोदय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय उनके नेतृत्व में स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार हेतु संकल्पित है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी प्रेम व आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने हेतु यह आयोजन हर साल नियमित रूप से किया जाता है।